# त्रैमासिक परीक्षा 2023-24
## कक्षा- 12 वीं
## विषय- भूगोल

समय-3:00 घंटे | SET-A | पूर्णांक-70

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 06 अंक, सत्य/असत्य 06 अंक सही जोड़ी 05 अंक, एक वाक्य में उत्तर 05 अंक, के प्रश्न होंगे।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 20 तक के प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 13 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 14 से 17 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा 75 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रनांक 18 दीर्ध उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रश्न के लिए 04 अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा 120 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 19 व 20 विश्व तथा भारत के मानचित्र पर आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 05 अंक आंवटित हैं।

(viii) प्रश्न क्रमांक 19 व 20 को विश्व तथा भारत के मानचित्र में दर्शाकर उत्तर पुस्तिका में संलग्न कीजिए।

**प्र 1 सही विकल्प चुनकर लिखिए-** (1 x 6 =6)

(i) निम्नलिखित में से किस महाद्वीप का जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक है –

(अ) अफ्रीका   (ब) यूरोप

(स) एशिया   (द) ऑस्ट्रेलिया

(ii) सोवियत संघ में सामूहिक कृषि को कहा जाता है –

(अ) कोलखहोज   (ब) लदांग

(स) ट्रक फार्मिंग   (द) निर्वहन कृषि

(iii) निम्नलिखित में से कौन–सा भौगोलिक सूचना का स्रोत नहीं है –

(अ) यात्रियों का विवरण   (ब) प्राचीन मानचित्र

(स) चंद्रमा से चट्टानी पदार्थों के नमूने   (द) प्राचीन महाकाव्य

(iv) जनगणना वर्ष 2011के अनुसार भारत में सर्वाधिक जन घनत्व वाला राज्य हैं –

(अ) बिहार   (ब) पश्चिम बंगाल

(स) राजस्थान   (द) उत्तरप्रदेश

(v) कॉफ़ी के बागानों को ब्राज़ील में कहा जाता है–

(अ) घर   (ब) फार्म हाउस

(स) फेजेंडा   (द) मिल्पा

(vi) निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्राथमिक क्रियाकलाप है –

(अ) कृषि (ब) परिवहन

(स) व्यापार (द) वाणिज्य

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –** (1 x 6 = 6)

(i) नव- निश्चयवाद की संकल्पना ...................................... द्वारा दी गई हैं।

(ii) एशिया महाद्वीप की जनसंख्याय लगभग ................................ प्रतिशत है।

(iii) आकार के आधार पर उद्योगों को ............. वर्गों में विभाजित किया गया है।

(iv) सन 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या लगभग.................. करोड़ है।

(v) गंगा के जलोढ़ मैदान में ...................................... वस्तियां पायी जाती है।

(vi) फसल उत्पादन एवं पशुपालन दोनों को समान रूप से महत्त्व देने वाली कृषि........... ................ कहलाती है।

**3. सत्य / असत्य लिखिए –** (1 x 6 = 6)

(i) धार्मिक और सांस्कृतिक नगर को गैरिसन नगर भी कहते हैं।

(ii) प्राथमिक क्रियाकलाप से जुड़े लोग उच्च रहन आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हैं।

(iii) कुल जनसंख्या व निवल कृषित क्षेत्र का अनुपात कृषीय घनत्व कहलाता है।

(iv) प्राथमिक सेक्टर में 3.8% श्रमिक घरेलू उद्योगों में लगे हैं।

(v) स्मार्ट–सिटी मिशन शहरों के विकास की महत्वपूर्ण योजना है।

(vi) जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की तृतीय अवस्था में पीरू, श्रीलंका व केन्या इसके उदाहरण है।

**4. सही जोड़ियाँ बनाइए –** (1 x 5 =5)

| 'A' | 'B' |
|---|---|
| (i) सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश | (अ) एशिया |
| (ii) सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला महाद्वीप | (ब) अफ्रीका |
| (iii) सबसे कम क्षेत्रफल वाला महाद्वीप | (स) आस्ट्रेलिया |
| (iv) सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि वाला महाद्वीप | (द) चीन |
| (v) सबसे कम जनसंख्या वाला देश | (ई) मैक्सिको |

**5. एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर लिखिए –** (1 x 5 =5)

(i) भारत में जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि दर किस वर्ष दर्ज की गई थी ?

(ii) जनसंख्या के कायिक घनत्व का सूत्र लिखिए।

(iii) प्राथमिक क्रियाकल्प से जुडी बस्तियां क्या कहलाती हैं ?

(iv) उत्तरी अमेरिका में घास के मैदान क्या कहलाते है ?

(v) भारत में पूर्ण जनगणना पहली बार कब हुई थी ?

6 रैटजेल के अनुसार मानव भूगोल की परिभाषा लिखिए। 02

अथवा

मानव भूगोल से क्या आशय हैं ?

7 पर्यावरण निश्चयवाद से क्या आशय है? 02

अथवा

नव-निश्चयवाद से क्या आशय है ?

8 अशोधित मृत्यु दर ज्ञात करने का सूत्र लिखिए।
अथवा 02
प्रवास के अपकर्ष के कोई दो कारकों को लिखिए।

9 मानव विकास सूचकांक क्या है ?
अथवा 02
मानव विकास के चार स्तंभों के नाम लिखिए ।

10 गहन निर्वाह कृषि की कोई दो विशेषताएं लिखिए।
अथवा 02
रोपण कृषि की कोई दो विशेषताएं लिखिए।

11 जनसंख्या घनत्व ज्ञात करने को सूत्र द्वारा समझाए ।
अथवा 02
जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि किसे कहते हैं ?

12 ग्रामीण वस्तियों की कोई दो प्रमुख विशेषताएं लिखिए।
अथवा 02
ग्रामीण वस्तियों के प्रकारों को लिखिए।

13 भारत के कुछ राज्यों में अन्य राज्यों की अपेक्षा श्रम सहभागिता ऊँची क्यों हैं ?
अथवा 02
नगरी वस्तियों की कोई दो विशेषताएं लिखिए।

14 जनसंख्या नियंत्रण के कोई तीन उपायों को समझाइए।
अथवा 03
जनसंख्या वृद्धि की विभिन्न अवस्थाए कौन-सी है, समझाइए।

15 स्थानांतरण कृषि किस प्रकार पर्यावरण को क्षति पहुंचाती है,कोई तीन कारण लिखिए।
अथवा 03
खनन कार्य को प्रभावित करने वाले कोई तीन कारको को समझाए।

16 भारत की जनसंख्या का व्यावसायिक संघटन को कितने वर्गों में विभाजित किया गया है ? समझाइए।
अथवा 03
श्रमजीवी जनसंख्या संघटन से क्या तात्पर्य है ? समझाइए।

17 उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में मानव विकास के निम्न स्तरों के कोई तीन कारणों को समझाए। 03
अथवा
भारत के वर्षों में घटते लिंगानुपात के कोई तीन कारणों को स्पस्ट कीजिए।

18 भारत में जनसंख्या के वितरण एवं घनत्व को प्रभावित करने वाले किन्ही चार कारको का उल्लेख कीजिए । 04
अथवा
उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कोई चार कारको को समझाए।

19 विश्व के सीमाकार मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए – 05

(i) अफ्रीका का निर्वाहन संग्रहण के क्षेत्र (ii) तिब्बत के चलवासी पशुचारण क्षेत्र

(iii) आस्ट्रेलिया के वाणिज्य पशुधन पालन के क्षेत्र (iv) एशिया का गहन निर्वाह कृषि के क्षेत्र

(v) दक्षिण अमेरिका का आदिकालीन निर्वाह कृषि के क्षेत्र

अथवा

विश्व के सीमाकार मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए-

(i) आटाकामा मरुस्थल (ii) विषुवत रेखीय आर्द्र वन (iii) कालाहारी मरुस्थल

(iv) राकी पर्वतमाला (v) आस्ट्रेलिया का डाउंस मैदान

20 भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए - 05

(i) वर्ष 2011 में भारत का सर्वाधिक नगरीकृत राज्य को

(ii) वर्ष 2011 में भारत का विशाल जनसंख्या वाला राज्य को

(iii) वर्ष 2011भारत में सर्वाधिक लिंगानुपात रखने वाला राज्य को

(iv) वर्ष 2011 में भारत में न्यूनतम जन घनत्व वाला राज्य को

(v) वर्ष 2011 में भारत में न्यूनतम लिंगानुपात वाला राज्य को

अथवा

भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित नगरों को दर्शाइए-

(i) सिंगरौली (ii) कोलकाता (iii) अंबाला (iv) शिमला (v) भोपाल

*(i)*